सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 58 | इंदौर, सोमवार 09 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मध्यप्रदेश में 14,733 करोड़ बिजली बिल बकाया

## सबसे ज्यादा ग्वालियर क्षेत्र में, दूसरे नंबर पर भोपाल

मध्यप्रदेश में बिजली कंपनियां बकाएदारों से वसूली के लिए सख्ती बरत रही हैं। इसको लेकर सोशल मीडिया पर 16 जिलों के डिफॉल्टरों की सूची भी कंपनी की तरफ से जारी की गई। इसमें कई रसूखदार लोगों के नाम भी शामिल हैं। अब एक बड़ा खुलासा हुआ है कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के गृहक्षेत्र ग्वालियर में सबसे ज्यादा डिफॉल्टर हैं।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। प्रदेश में बिजली कंपनियों के 14 हजार 733 करोड़ रुपये बकाया हैं। इसमें सबसे ज्यादा ग्वालियर क्षेत्र पर बकाया है। यहां उपभोक्ताओं पर कुल 6,303 करोड़ रुपये बकाया है। वहीं, दूसरे नंबर पर 2,580 करोड़ रुपये के बकाया के साथ राजधानी भोपाल है।



### ◆ उपभोक्ता नहीं भर रहे बिजली बिल

ग्वालियर क्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं पर सबसे ज्यादा 3,513 करोड़ रुपये बकाया है। इसके बाद कृषि उपभोक्ताओं पर 1,734 करोड़ रुपये। यह स्थिति तब है, जब सरकार उपभोक्ताओं को करोड़ों रुपये की सब्सिडी दे रही है। ग्वालियर में गैर घरेलू (वाणिज्यिक) उपभोक्ताओं पर 621 करोड़, औद्योगिक उपभोक्ताओं पर 280 करोड़ और अन्य पर 156 करोड़ रुपये बकाया है।

### ◆ भोपाल दूसरे, इंदौर तीसरे नंबर पर

दूसरे नंबर पर भोपाल है। यहां पर घरेलू उपभोक्ताओं पर 1,467 करोड़, कृषि 740 करोड़, गैर घरेलू (वाणिज्यिक) 169 करोड़, औद्योगिक 108 करोड़ और अन्य पर 97 करोड़ रुपये बकाया है।

### ◆ इंदौर तीसरे नंबर पर

इंदौर क्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं पर 830 करोड़, कृषि उपभोक्ताओं पर 147 करोड़, गैर घरेलू वाणिज्यिक 152 करोड़, औद्योगिक उपभोक्ताओं पर 260 करोड़ और अन्य पर 199 करोड़ रुपये बकाया हैं।

### ◆ बाकी जगह घरेलू उपभोक्ता बड़े डिफॉल्टर

प्रदेश में जबलपुर क्षेत्र में 578 करोड़ रुपये बकाया है। इसमें घरेलू उपभोक्ताओं का 460 करोड़ रुपये बकाया हैं। रीवा क्षेत्र पर कुल 1135 करोड़ रुपये बकाया है, जिसमें 693 करोड़ रुपये घरेलू उपभोक्ताओं का है। सागर में 1004 करोड़ रुपये बकाया है, जिसमें घरेलू उपभोक्ताओं का 564 करोड़ रुपये है। शहडोल क्षेत्र में 248 करोड़ रुपये है, जिसमें 202 करोड़ घरेलू क्षेत्र का है। वहीं, उज्जैन क्षेत्र का कुल 1542 करोड़ रुपये है, जिसमें 902 करोड़ रुपये घरेलू उपभोक्ताओं का बकाया है।

### ◆ 25 हजार घर बिजली कंपनियों के रडार पर

मध्य प्रदेश के 16 जिलों में बिजली चोरी और दुरुपयोग को रोकने के लिए केंद्रीय डिस्कॉम (वितरण कंपनी) ने 25,000 से अधिक घरों की पहचान की है। इन घरों में बिजली का अनुचित उपयोग और कई मीटर कनेक्शन का मामला सामने आया है, जिससे बिजली की खपत असामान्य रूप से कम हो रही है। डिस्कॉम ने इन घरों पर कार्रवाई शुरू कर दी है और सभी मीटरों को सुनियोजित करने की प्रक्रिया जारी है।

### ◆ वसूली के लिए उठा रहे कदम

ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव मनु श्रीवास्तव ने कहा कि बिजली कंपनी के बकायादार से वसूली के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें सोशल मीडिया पर उनकी नाम की सूची डालने के साथ उनकी सब्सिडी रोकने जैसे कदम उठा रहे हैं।

# डॉक्टरों ने पेट में कपड़ा छोड़ा, 11 महीने बाद मौत

## सागर में परिजन का चक्काजाम; बोले- डिलीवरी के बाद से तकलीफ में थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बीना ,(एजेंसी)। सागर में डॉक्टरों की लापरवाही के कारण एक महिला की मौत हो गई। परिजन का कहना है कि एक साल पहले खुरई के रीठौर मिशन अस्पताल में महिला की सिजेरियन डिलीवरी हुई थी। इस दौरान डॉक्टरों ने उसके पेट में कपड़ा छोड़ दिया था। जिसके बाद से उसे पेट में तकलीफ होने लगी। 11 महीने तक दर्द सहने के बाद महिला ने शनिवार को दम तोड़ दिया।**

शनिवार रात को परिजन महिला का शव लेकर खुरई पहुंचे। यहां नेशनल हाईवे बीना-सागर रोड स्थित रीठौर मिशन अस्पताल के सामने चक्काजाम कर दिया। उनकी मांग थी कि डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और बच्ची के भरण पोषण के लिए आर्थिक मदद मिले। देहात थाना प्रभारी धनेंद्र यादव, शहरी थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के आश्वासन के बाद धरना बंद हुआ। आज शव का पोस्टमॉर्टम होगा। खुरई देहात थाना प्रभारी धनेंद्र यादव ने बताया कि मर्ग कायम कर लिया गया है। आज शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है।

### ऑपरेशन कर निकाला कपड़ा, 10वें दिन मौत

23 अगस्त 2024 को बहन को सागर के भाग्योदय अस्पताल में भर्ती कराया। चार दिन तक इलाज के बाद डॉक्टरों ने बताया कि बहन के पेट में कपड़ा फंसा हुआ है, जिसे निकालने के लिए ऑपरेशन करना पड़ेगा। 28 अगस्त को ऑपरेशन कराया तो पेट में से कपड़ा निकला। बहन अस्पताल में ही भर्ती रही। 7 सितंबर शनिवार शाम को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### बड़ी आंत में कपड़ा मिला हैं

रीठौर मिशन अस्पताल के मैनेजर आशीष वेंजेबिन ने बताया, महिला की डिलीवरी सितंबर 2023 में अस्पताल में हुई थी। पांच दिन तक वह भर्ती रही, इसके बाद छुट्टी कर दी गई थी। सागर की जिस निजी अस्पताल में उनका ऑपरेशन हुआ है, वहां के डॉक्टर ने चर्चा में बताया कि मरीज की बड़ी आंत में कपड़ा पाया गया है।

**भगवान गणपति का अनोखा भक्त**

# घर में सजाई बप्पा की एक हजार मूर्तियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर, निप्र**। जिला मुख्यालय के लालपुरा क्षेत्र में रहने वाले होटल व्यवसायी रामकृष्ण उर्फ गोलू भावसार ने गणपति बप्पा की एक हजार से अधिक प्रतिमाएं इक_I करके अपने घर में रखी हुई हैं। यह उनकी अनोखी श्रद्धा का प्रमाण है, जो उन्हें गणपति बप्पा के सबसे बड़े भक्तों में से एक बनाती है। रामकृष्ण गोलू भावसार ने बताया कि उनके पिता स्व. आनंदीलाल भावसार ने उन्हें प्रतिमाएं खरीदने की प्रेरणा दी थीं. आज, उनके घर में मध्यप्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, और अन्य शहरों की आकर्षक प्रतिमाएं उपलब्ध हैं।

उन्हौने बताया कि घर में एक हजार से अधिक प्रतिमाएं हैं, जो हर शहर के अलग-अलग हिस्सों से इक_I की हुई हैं. वे बताते हैं कि जब भी उन्होंने खुद को संकट में पाया, बप्पा ने उन्हें उससे उबारा है. इसलिए, उनके पूरे परिवार की गणपति बप्पा से विशेष आस्था है और गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी पर्व तक उनके यहां विशेष आयोजन होते हैं। उनके दिन की शुरूआत बप्पा की आराधना से होती है, इसके बाद ही वे घर से निकलते हैं. उनके घर का हर सदस्य बप्पा को प्रणाम कर और उनका आशीर्वाद लेकर ही घर से निकलते हैं। यह उनकी श्रद्धा और भक्ति का प्रमाण है,

# गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महालक्ष्मी नगर एम आर फोर का पूरा वातावरण गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया के जयकारों से गूंज रहा था । पूजा पंडालों में होने वाले धार्मिक आयोजनों से पूरा वातावरण गणेश भक्ति से सराबोर हो उठा।**

डॉक्ट संतोष सिंह ठाकुर ने बताया कि दस दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव के दौरान पंडाल में विराजमान भगवान श्री गणेश का विराजित भगवान का प्रतिदिन सवेरे और शाम आरती के अलावा विभिन्न प्रकार के धार्मिक, सांस्कृतिक और बच्चों के खेलकूद का आयोजन होगा। वही प्रकृति की रक्षा का संदेश भी पंडाल से दिया जाएगा।

श्री ठाकुर ने बताया क्षेत्र के वरिष्ठजन , युवाओं , बच्चो के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी शामिल हुई । सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए निकली यात्रा मे गुलाल ओर पुष्पो की वर्षा कर भगवान की अगवानी की । बैंड बाजे ढोल ताशे के साथ हवा में उड़ते केशरिया गुलाल के बीच भक्त नाचते गाते धूम धाम से भगवान गणेश की रथ यात्रा निकाली । इस अवसर पर रहवासी संघ के यात्रा संयोजक राहुल बना , दीपक साहूकार, बीएस राजपूत , दरबार सिंह , देव पंचोली , आयोजन पदाधिकारी राजेश पंचोली ,योग गुरु रमेश पाटिल ,अनिल भाटिया ,राजेंद्र श्रीमाली, सूरज शर्मा सुनील फौजदार ,चेतन व्यास, रितेश व्यास, हेमंत जैन, पंकज रिमझा ,राहुल शुक्ला ,आशुतोष शर्मा, लक्ष्य राज सिंह, उमेश, ए .के. सिंह ,मनीष चौरसिया ,मनीष दवे ,कैलाश मकवाना, आरव जैन अतिथि संजय कटारिया पूर्व पार्षद बबलू ठाकुर थे ।



## घर-घर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता, बनाए सदस्य



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भाजपा का सदस्यता अभियान पूरे देश और प्रदेश में महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है और भाजपा पूरे प्रदेश में हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने के लक्ष्य से आगे बढ़ रही है इसी कड़ी में आज विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 37 के बूथ क्रमांक 100 पर बूथ अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह ने घर घर जा कर भाजपा की रीति नीति से अवगत कराते हुए सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी से जोड़ा । ठाकुर ने फोन से मोबाइल नंबर 8800002024 पर मिस्ड कॉल करवा कर मिस्ड कॉल करने के बाद फोन पर आए मैसेज से मेंबरशिप नंबर दर्ज कराई। संगठन का सदस्यता महापर्व पर भाजपा का नारा मेरा बूथ सबसे मजबूत नारे को अधिक से अधिक सदस्य बनाकर सार्थक करते हुए भाजपा परिवार से जोड़ा। राहुल सिंह, देव पंचोली, महेंद्र सिंह , तुषार पटेल, ए. के.सिंह मौजूद थे ।

## कटाक्ष




## वक्फ बोर्ड चेयरमैन ने भाजपा सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सनव्वर पटेल एक दिवसीय दौरे पर इंदौर आये और विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए। सबसे पहले खातीवाला टैंक स्थित ख्वाजा सुल्तान मोरी वाली दरगाह पर आयोजित लंगर कार्यक्रम में बतौर खास मेहमान शिरकत की। जहां मोरी वाली दरगाह वक्फ कमेटी के सदर इस्माइल खान ने साफा बांधकर हारफूलों के साथ सनव्वर पटेल का इस्तकबाल किया।

### सैकड़ों मुस्लिम को भाजपा की सदस्यता अभियान से जोड़ा

भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान का शुभारंभ भोपाल से पधारे वरिष्ठ नेता सनव्वर पटेल ने किया। इस सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी लगातार अलग-अलग मोर्चों की बैठक कर अलग अलग वर्ग से लोगों को जोडऩे की रणनीति बना रही है. इसी कड़ी में वार्ड में स्थानों पर सदस्य्ता अभियान चलाकर भाजपा से मुसलमानों को जोडऩे पर भी विशेष फोकस किया गया. इस मौके पर सनव्वर मुसलमानों को सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया गया है। सदस्य्ता अभियान के शुभारंभसबसे पहले जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष रेहान शेख को मोबाइल से ऑनलाइन भाजपा की सदस्यता दिलाई। इसके बाद वरिष्ठ नेता महफूज पठान, फिर मोरी वाली दरगाह कमेटी के सदर इस्माइल खान, तुकोगंज नियाज अली सरकार कमेटी के अशफाक गोलू व अन्य को सदस्यता दिलाई।

## पर्यूषण पर्व पर होगा तत्वार्थसूत्र का वाचन

**इंदौर। श्री संयोगितागंज दिगंबर जैन समाज छावनी द्वारा पर्यूषण पर्व 8 सितंबर से 18 सितंबर तक मनाया जा रहा है,तदनुसार प्रतिदिन प्रात दशलक्षण पूजन, तत्वार्थसूत्र वाचन सामूहिक सामायिक ह्यप्रवचन एवं रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।**

मीडिया प्रभारी ज्योतिषाचार्य एमके जैन ने बताया कि बुधवार 11 सितंबर अष्टमी को भगवान पुष्पदंतनाथजी का निर्वाण कल्याणक एवं मंगलवार 17 सितंबर को श्री वासुपूज्यभगवान का निर्वाण कल्याणक के अवसर पर लाडू अर्पण किए जाएंगे साथ ही प्रतिदिन टीकमगढ़ निवासी बाल ब्रह्मचारी श्री संजय भैयाजी के दस धर्म क्षमा , मार्दव , आर्जव , सत्य , शौच , संयम , तप , त्याग , आंकिचन एवं ब्रह्मचर्य विषय पर प्रवचन रात्रि को पंचायती मंदिर में होंगे । 13 सितंबर को श्री अनंतनाथ जिनालय में जैन ओलंपिक विषय पर रंगोली द्वारा मंडल विधान एवं पंचायती मंदिर में 18 फीट बाय 28 फीट तखत पर विशाल मंडलजी की रचना होगी 8 सितंबर को उत्तम क्षमा धर्म के अंतर्गत छावनी के दोनों प्राचीन जिनालयों में विधि अनुसार वृहद् शांतिधारा , देवशास्त्र गुरु पूजन , दशलक्षण एवं 16 कारण पूजन हुई , पूजन सामग्री की शोभायात्रा निकाली गई , श्री जयसेन जैन एवं श्रीमती कुसुम जैन , शांतिलाल ,सुनीलकुमार बिलाला परिवार को शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त हुआ , सोमवार को उत्तम मार्दव तप की आराधना एवं ऋषि पंचमी पर छोटे - छोटे बालकों द्वारा किये गये उपवास का पारणा होगा।

# महिला की संदिग्ध मौत घर में मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र के विराट नगर स्थित मकान में एक 35 वर्षीय महिला की लाश मिली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी तुरंत मौके पर पहुंचे और शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया। शुरूआती जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है। महिला की हत्या की भी आशंका जताई जा रही है।**

एसीपी आशीष पटेल ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 2 बजे आजाद नगर थाना क्षेत्र के विराट नगर में रहने वाले कुछ लोगों ने पुलिस को फोन पर सूचना दी कि एक मकान से काफी बदबू आ रही है। यंहा कुछ लडके एक महिला के साथ रहते हैं और कई दिन से नजर भी नहीं आ रहे हैं। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी नीरज मेढा तुरंत मौके पर पहुंचे और दरवाजा खोला तो महिला जमीन पर मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। शव से काफी बदबू आ रही थी। संभवतः उसी तीन से चार दिन पहले मौत हो चुकी थी। बदबू आई तब जाकर घटना का पता चला। वहीं उस मकान में रहने वाले लडके गायब हैं। मृतका की उम्र करीब &5 साल बताई जा रही है और अब तक उसकी पहचान भी नहीं हो सकी है। आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि महिला कुछ दिन पहले ही यंहा रहने वाले लडकों के साथ रह रही थी। वह इससे पहले यहां कभी नहीं दिखाई दी। अब महिला की मौत को संदिग्ध मानकर पुलिस अपनी जांच कर रही है। टीआई मेढा का कहना है कि मृतका के शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचा दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। हालांकि अभी सबसे पहले जिन लडकों के साथ महिला रहती थी उनकी तलाश की जा रही है। उनके मिलने पर ही काफी कुछ कहानी स्पष्ट होगी और पीएम रिपोर्ट के आधार पर भी आगे की कार्रवाई तय होगी।

## स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर शासकीय भवनों परविधुत रोशनी नहीं करने के मामले मे जिला शिक्षा अधिकारी लेगी संज्ञान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर देपालपुर प्रेस क्लब की टीम द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 1 डाक बंगले के पास उन्नत माध्यमिक विद्यालय चमन चौराहा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल इंदौर रोड का दौरा करने के बाद पाया गया कि उक्त शासकीय भवनों पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा स्वाधीनता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर शासकीय भवन अंधेरे में डूबे रहे शीर्षक से समाचार प्रकाशित किए गए थे इस मामले को जिला शिक्षा अधिकारी सुषमा वैश्य को संज्ञान में लाया गया उन्हें खबरें एवं फोटो वीडियो भेजे गए जिला शिक्षा अधिकारी सुषमा वैश्य से जब इस मामले को लेकर अपना पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि संबंधित जवाबदार अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा उसके पश्चात उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मिच्छामी दुक्कड़म के साथ श्वेतांबर जैन समाज के पर्युषण महापर्व का समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। श्वेतांबर जैन समाज का 7 दिनों से चल रहा पर्युषण महापर्व का समापन आज मिच्छामी दुक्कड़म के साथ आज जैन श्वेतांबर समाज के समाज जनों ने एक दूसरे के घर जाकर क्षमा मांगी की वर्ष भर में शब्दों से कर्मों से जो भी गलती हुई है उसकी क्षमा मांगी यानी क्षमा मांगने वाले से बड़ा क्षमा करने वाला होता है। 7 दिनों से चल रहे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ आज रजत जड़ित बेदी जी का पूजन किया गया बैंड बाजे के साथ उपाश्रय से एक विशाल जुलूस निकाला गया तीन रथो में तपस्वी विराजमान थे जुलूस बड चौक चमन चौराहा इंदौर नाका बस स्टैंड तिलक मार्ग जय स्तंभ चौक जूना बाजार होते हुए जूना बाजार स्थित शांतिनाथ मंदिर पर जुलूस का समापन हुआ जुलूस में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पारंपरिक वस्त्र पहनकर शामिल हुए युवा ढोलक की थाप पर खूब थिरके। चौधरी परिवार की ओर से स्वामी वात्सल्य का कार्यक्रम रखा गया जिसमें समाज जनों के अलावा नगर के कई गणमान्य लोगों द्वारा महाप्रसादी ग्रहण की गई।



## महिला तस्कर के घर पुलिस ने दी दबिश

### गांजा पकड़ाया, घर से रही थी बेच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सदरबाजार पुलिस ने रामबाग क्षेत्र में महिला तस्कर के घर दबिश देकर उसके मकान में सर्चिंग की तो उसके यंहा से गांजा बरामद हुआ। तस्कर घर से ही ग्राहकों को डिलेवरी देती थी। सदरबाजार थाना प्रभारी रक्तांबर शुक्ला ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिल रही थी कि रामबाग क्षेत्र में रहने वाली जया पति शाकाल गौड़ घर से ही गांजा बेचती है। मुखबिर की सूचना को पहले कन्फर्म किया गया और इसके बाद टीआई शुक्ला ने अपनी टीम के साथ उसके घर पर दबिश देकर सर्चिंग की। इस दौरान उसने घर में एक जगह गांजा छुपा रखा था। पुलिस ने उसके कब्जे से 615 ग्राम गांजा बरामद किया है। उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## तस्कर से मिला 25 लाख का गांजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर उसके आसपास के क्षेत्र में गांजा की तस्करी करने वाले आगर मालवा का एक तस्कर को नारकोटिक्स विंग ने गिर तार कर 25 लाख का गांजा तथा एक कार जब्त की। नारकोटिक्स विंग के डीआईजी महेश चंद्र जैन ने बताया कि मुखबिर से सूचा मिली थी कि एमआर 10 के पास एक कार में कोई तस्कर किसी को गांजे की खेप देने आया है। इस पर विंग के निरीक्षक प्रवीण ठाकरे की टीम को मौके पर भेजा गया था। टीम ने जब तस्कर को रोकने का प्रयास किया तो उसने अपनी गाड़ी ग्राम भांगिया की ओर मोड़ दी और भागने का प्रयास किया।टीआई ने भी उसका पीछा किया और गाडियां अड़ाकर पकड़ लिया। जैन ने बताया कि आरोपी के पास 50 किलो से अधिक गांजा मिला है जिसकी कीमत करीब 25 लाख रूपए है वहीं जिस कार से वह माल ले जा रहा था उसे भी जब्त कर लिया गया है। टीआई ने बताया कि आरोपी को जब कोर्ट में रिमांड मांगने के लिए पेश किया गया तो उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे कोर्ट ने जेल भेजने का आदेश दे दिया। बताया जा रहा है कि पूछताछ में आरोपी ने कुछ साथियों के नाम बताए हैं आरोपी सुरेश पिता अमर सिंह भदौरिया निवासी आगर मालवा पिछले दो माह से तस्करी का धंधा कर रहा है इसने कुछ साथियों के नाम बताए हैं जिनकी पुलिस तस्दीक कर रही है।

## नाबालिग हुए लापता

**इंदौर।** शहर व ग्रामीण इलाको में नाबालिग बच्चों के लापता होने की घटनाएं लगातार बढ रही हैं। बाणगंगा क्षेत्र के राजाबाग कालोनी में रहने वाले एक परिवार की 17 साल की बेटी के लापता होने की सूचना पुलिस को दी। जूनी इंदौर पुलिस ने बताया कि छोटा भाट मोहल्ला त्रिवेणी कालोनी के रहने वाले एक परिवार की 16 साल की बेटी भी लापता हो गई। सांवेर पुलिस ने बताया कि रविदास मोहल्ला में रहने वाले जाटवा परिवार का नाबालिग लडक़ा गणेश उर्फ गौरव लापता हो गया। यह तो वे परिजन थे जिन्होंने पुलिस के पास पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## रुपए नहीं दिए तो पीटा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, इंदौर।** चंदननगर इलाके में दो बदमाशों ने एक युवक के साथ सुबह सुबह अड़ीबाजी करते हुए शराब पीने के पैसे मांगे। मना करने पर आरोपियों ने उसे जमकर पीटा और भाग गए। थाना चंदननगर पुलिस के मुताबिक घटना फरियादी कुणाल पिता सुनील पटेल निवासी दामोदर नगर के साथ हुई। उसकी शिकायत पर आरोपी रवि उर्फ पोटली तोमर और रवि सिंगर दोनों निवासी राजनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह सुबह मनोज तिवारी को उसके घर जागरण के लिए न्यौता देनेगया था वहां आरोपी मिले और कहने लगे कि यहां चिल्ला चोट क्यों कर रहा है। कुणाल ने कहा कि वह जागरण का न्यौता देने आया है। इस पर आरोपियों ने शराब पीने के पैसे मांगे। विरोध किया तो आरोपियों ने जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

## खरीददारी के चक्कर में गायब हुआ मोबाइल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना पुलिस ने अरविंद सक्सेना निवासी स्कीम 74 की रिपोर्ट पर चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी पोस्ट आफिस के पास अग्रवाल पूजन सामग्री की दुकान से खरीददारी कर रहा था। इस दौरान उसका मोबाइल किसी ने गायब कर दिया। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस चोर का पता लगा रही है। कनाडिया पुलिस ने उदित रघुवंशी की रिपोर्ट पर भी चोरी का केस दर्ज किया है। सर्वसुविदा नगर के गैरेज मनें चोर घुस गए और यहां से सीसीटीवी कैमरे,मोबाइल और अन्य सामान चुरा ले गए। कु हारखाड़ी में सोनू प्रजापत की इ रिक्शा (एमपी 09 डीजी 9952) को कोई चुरा ले गया। घर के बाहर ही गाड़ी खड़ी की थी। इशके अलावा प्रलाक्ष जैन की मोटरसाइकल न्यू अग्रवाल नगर से चोरी चली गई। न्यू पंचशील नगर से अजय बिरले, राऊ से रूपायन भट्टाचार्य की मोटरसाइकल चोरी चली गई। पलासिया में मैथ्यूज फिलिप्स की मोटरसाइकल भी चुरा ली।

## बदमाशों ने वकील से की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भंवरकुआ इलाके में एक वकील के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पुराने विवाद के चलते हमला किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है।भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक रितिक पुत्र बलवंत रावल निवासी भावना नगर की शिकायत पर पुलिस ने शैलेन्द्र उर्फ बाबा पुत्र नारायण, भोंदू पुत्र भीमा और गाड्री पर केस दर्ज किया है। रितिक ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से वकील है। शनिवार रात को वह अपने दोस्त गब्बर डीजे की दुकान पर खडे थे। तभी आरोपी वहां पहुंचे। पूर्व में हुई कहासुनी को लेकर तीनों ने अपशब्द कहे। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। जैसे-तैसे बचाव किया। इस बीच रितिकके दोस्त भी यहां पहुंचे और आरोपियों से छुवाया। बाद में थाने आकर मामले में केस दर्ज करवाया है। आरोपियों ने वकील को जान से मारने की धमकी दी है।

## बांक पंचायत के रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बांक पंचायत में रहवासियों ने सडक,ड्रेनज और साफसफाई की समस्या को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायत के रहवासी ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कई सालों से सफाई पानी और स्वास्थ्य संबंधी समस्या को लेकर कई सालों से परेशान हैं। उनकी समस्या का कोई निराकरण नही हुआ। रहवासियों द्वारा समस्या से अवगत करने पर सरपंच का इस विषय में कोई ध्यान नहीं जाता आज की स्थिति में चारों ओर गली मोहल्ले सडक पर गंदगी फैली हुई है। जिसके कारण यहां रहने वाले रहवासियों को कई बीमारियों जैसे (डेंगू एवं मलेरिया) का सामना करना पड़ रहा है। सडक़ों की स्थिति ऐसी है कि चारो ओर गड्ढे ही गड्ढे है, जिस कारण कई दुर्घटना हो चुकी है। ड्रेनेज की स्थिति ऐसी है की ड्रेनेज का पानी वापस घरों में आ जाता है एवं सडक़ों पर गंदा पानी भरा रहता है, जिसके कारण रहवासियों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

## रिक्शा चालक ने फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उसने जिस समय फांसी लगाई उस दौरान माता पिता को किसी काम से घर से बाहर भेज दिया था। इसी तरह दो अन्य युवकों ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। द्वारकापुरी पुलिस ने बताया कि गोल पिता जगदीश निवासी त्रृषि पैलेस ने फांसी लगाकर आत्महत्या क ली। बताया जा रहा है कि गोलू ने जिस समय फांसी लगाई उस दौरान माता पिता को घर के बाहर रिक्शा पर पल्ली बांधने भेज दिया था और फिर फांसी लगा ली। वहीं एक अन्य घटना में एरोड्रम पुलिस ने बताया कि बांगड़दा विासी 24 वर्षीय भारत पिता रामप्रसाद ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस दोनों ही मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एक अन्य घटना में द्वारकापुरी पुलिस ने बताया कि && साल के दिनेश पिता नारायण निवासी आस्था पैलेस ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। दिनेश मिस्त्री का काम करता था। वह बीते पांच साल से पत्नी से अलग रहता था। पुलिस इस मामले में भी पता लगा रही है कि दिनेश ने आत्महत्या क्यों की है।

# 25 फीट की गणेश प्रतिमा स्थापित होने से पहले बीच सड़क पर गिरी, दो घायल

## सड़क के गड्ढे के कारण हुए हादसे के बाद लोगों का फूटा आक्रोश, जमकर हुआ हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। शिंदे की छावनी स्थित खल्लासीपुरा में विराजित होने पहले 25 फीट ऊंची गणेश जी की प्रतिमा सडक़ पर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना रविवार करीब रात आठ बजे की है। शिंदे की छावनी मुख्यमार्ग पर नबाव साहब के कुएं सामने जैसे गणेशजी के रथ को कट से निकाला गया तो सडक़ में गड्ढे में पहिया जाने से प्रतिमा अनियंत्रित होकर सडक़ पर गिर गई। इस हादसे के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और जमकर हंगामा हुआ। सैकड़ों लोग सडक़ पर ही बैठ गए और चक्काजाम का प्रयास किया।**

प्रतिमा के साथ चल रहे दो श्रद्धालुओं को चोट आई है। घटना के बाद पूरे मार्ग पर लंबा जाम लग गया। देर रात मौके पर पहुंचे ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। बाद में क्रेन बुलाकर प्रतिमा को हटवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बड़ा हादसा टल गया।



खल्लासीपुरा स्थित बीजासेन माता मंदिर पर पिछले एक दशक से अधिक समय से गणपतिजी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस वर्ष भी आयोजकों ने बप्पा विराजित करने के लिए जीवाजीगंज में मूर्तिकार से 25 फीट ऊंची प्रतिमा तैयार कराई।

गणेश चतुर्थी यानी शनिवार को आयोजक तीन किलोमीटर दूर स्थापना स्थल पर पर प्रतिमा लेकर चले। लकड़ी के बने रथ पर रखने के बाद प्रतिमा की ऊंचाई चार फीट और बढ़ गई। यही वजह रही कि प्रतिमा को स्थापना स्थल तक पहुंचने में पूरे 27 घंटे का समय लग गया।

बताया जाता है कि मूर्ति के नीचे दबकर कुछ लोग घायल हुए हैं, लेकिन कोई सामने नहीं आया। घटना के बाद हंगामा हो गया। गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले जाम लगाकर गड्ढे के लिए जिम्मेदारों पर एफआईआर करने अड़ गए। 2 घंटे तक हंगामा चला। इसके बाद पुलिस पहुंची और खंडित मूर्ति को विसर्जित कराने का इंतजाम कर उनकी सभी मांगों पर एक्शन लेने का आश्वासन दिया।

उधर, सडक़ पर गड्ढे और प्रतिमा के खंडित होने पर ऊर्जा मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर का कहना है कि शिंदे की छावनी की सडक़ सही है, लेकिन जिस गड्ढे से हादसा हुआ है, यह किसी एजेंसी ने खुदाई की है। अब हम यही पता लगा रहे हैं कि यह किसने खोदी थी और लापरवाही पर एक्शन लिया जाएगा। बता दें, प्रतिमा एक गाड़ीनुमा प्लेटफॉर्म बनाकर इसके ऊपर बनाई गई थी। भक्त इसे ही धकेलते हुए ले जा रहे थे।

# नर्मदा में डूबीं देवरानी-जेठानी, घाट पर नहाने गई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी -मालवा ,(एजेंसी)**। नर्मदापुरम में रविवार को नर्मदा नदी में देवरानी-जेठानी डूब गईं। दोनों ऋषि पंचमी पर शिवपुर के भिलाडिया घाट पर स्नान के लिए गई थीं। नहाने के दौरान गहरे पानी में चली गईं। लोगों की सूचना पर शिवपुर पुलिस मौके पर पहुंची। एनडीआरएफ की टीम ने 8 घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाया। अंधेरा होने पर इसे रोक दिया गया। सोमवार सुबह फिर से दोनों की तलाश की जाएगी। थाना प्रभारी विवेक यादव ने बताया, सुबह 10 बजे सूचना मिली थी कि नर्मदा घाट पर स्नान करने आई दो महिलाएं गहरे पानी में चली गईं। दोनों महिलाएं देवरानी रानू तंवर (22) और जेठानी रक्षा तंवर (28) हैं। दोनों ग्राम फरीदपुर की रहने वाली हैं। ग्रामीण संदीप तंवर ने बताया कि रानू तंवर की 4 महीने पहले ही शादी हुई है।





### महिला का पति बचाने कूदा तो वो भी डूबने लगा

रक्षा अपने पति सचिन तंवर के साथ अपनी देवरानी को लेकर भिलाडिय़ा घाट आई थी। नहाने के दौरान जब महिलाएं डूबने लगी तो रक्षा के पति सचिन उनको बचाने के लिए नदी में कूदा, लेकिन पानी अधिक होने के चलते वो भी डूबने लगा। जिस पर आसपास नहा रहे लोगों ने उसे बचाकर बाहर निकाला।

### थाना प्रभारी बोले- सोमवार सुबह फिर से सर्चिंग

थाना प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने 8 घंटे तक सर्चिंग अभियान चलाया। दोनों महिलाओं को पता नहीं चल सका। अंधेरा होने पर सर्चिंग अभियान रोक दिया गया है। सोमवार सुबह से फिर से उनकी तलाश की जाएगी।

# बर्थडे के चौथे दिन युवक का मर्डर 15 साल पुराने दोस्त ने चाकू मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)। ग्वालियर में एक युवक की सरेराह हत्या कर दी गई। 15 साल पुराने दोस्त ने ही बहन पर कमेंट से नाराज होकर उसे चाकू से गोद डाला। युवक ने 4 सितंबर को अपना 20वां जन्मदिन मनाया था। मां के साथ केक काट कर डांस भी किया था। इसका वीडियो रविवार को सामने आया है।**

मृतक ऋतिक वर्मा (20) गदाईपुरा इलाके का रहने वाला था। वारदात को दीपक तिवारी ने अपने साथियों कमल, राहुल सिंह और साहिल के साथ अंजाम दिया। ऋतिक और दीपक दोस्त थे।

### मां बोली- मेरा बेटा लहूलुहान हालत में तड़प रहा था

ऋतिक की मां शांति वर्मा ने बताया, शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे दीपक घर आकर बेटे ऋतिक को जान से मारने की धमकी देकर गया था। हमने गंभीरता से नहीं लिया। सोचा, दोस्त हैं, आपस में लड़ते रहते हैं। आधे घंटे बाद करीब 2 बजे बेटे का दोस्त साहिल घर आया। कहा कि दीपक ने ऋतिक को चाकू मार दिया है।

मैं जब वहां पहुंची, तो बेटे के सीने पर चाकू के कई वार थे। वो लहूलुहान हालत में जमीन पर तड़प रहा था। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, तब तक देर हो चुकी थी।

### 4 सितंबर को मनाया था 20वां का बर्थडे

वारदात से तीन दिन पहले यानी 4 सितंबर को ऋतिक का 20वां का बर्थडे था। घर पर भाइयों और मां के साथ उसने अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया था।

### बहन के चलते आई 15 साल की दोस्ती में दरार

आरोपी दीपक तिवारी से ऋतिक वर्मा की दोस्ती 15 साल पुरानी थी। दोनों का एक और दोस्त मंजीत सिंह है। हत्या से करीब 15 दिन पहले दीपक की बहन को मंजीत बहला-फुसलाकर साथ ले गया। दीपक को लगता था कि इसमें ऋतिक भी शामिल है। यहीं से दोनों की दोस्ती में खटास आ गई।

दीपक और ऋतिक कुछ दिन पहले साथ में शराब पी रहे थे। इसी दौरान बहन का जिक्र आने पर ऋतिक ने कह दिया था कि वो तो भाग गई। इसके बाद दीपक ने उसके साथ मारपीट की थी। उस समय ऋतिक की मां उसे बचा लाई थी, लेकिन दीपक ने मन ही मन उसे ही जिम्मेदार मान लिया था।

### पुलिस बोली- दो लोगों से पूछताछ की जा रही

एएसपी सिटी शियाज केएम का कहना है, ह्यवारदात के पीछे आरोपी की बहन के लापता होने से जुड़ी बात सामने आ रही है। फिलहाल, पड़ताल की जा रही है। दो लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# 11 साल तलाशी जिसकी लाश, वो शख्स जिंदा मिला

## युवक बोला- महिलाओं जैसा हूं, गांववाले मजाक उड़ाते थे इसलिए भाग गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा, (एजेंसी)**। हरदा जिले की टिमरनी पुलिस 10 साल तक जिस युवक के मर्डर केस की पड़ताल करती रही, वह जिंदा मिला। हत्या के आरोप में गांव के 5 लोगों को पुलिस की यातनाएं झेलनी पड़ीं। जिसकी लाश पुलिस ढूंढ रही थी, वह इतने सालों तक दिल्ली और पंजाब में घूमता रहा। पुलिस 7 सितंबर शनिवार को लापता युवक को लेकर हरदा पहुंचा। उसके पिता ने बेटे के लिए इतने सालों तक कानूनी लड़ाई लड़ी, लेकिन युवक ने अब उनके साथ रहने से मना कर दिया है। जब वह लापता हुआ था, उसकी उम्र 28 साल थी। अब वह 40 साल का है। उसका कहना है कि भले ही शरीर पुरुषों का है, लेकिन उसकी मानसिकता महिलाओं की है। एसपी अभिनव चौकसे ने बताया, जुलाई 2013 में रहटगांव थाने में एक युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। काफी तलाशने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। जनवरी 2017 में युवक के पिता ने हरदा विशेष सत्र न्यायालय में परिवाद दायर किया। गांव के ही 5 युवकों पर बेटे की हत्या कर शव को छिपाने की शिकायत की। कोर्ट ने अगस्त 2017 में पुलिस को विधिवत जांच के आदेश दिए।

# संपादकीय

## वेबसाइटों के कंटेंट की क्रास चेकिंग जरूरी

इसमें दो राय नहीं कि वक्त के साथ अद्यतन होती दुनिया में आज इंटरनेट की भूमिका अहम हो चुकी है। मगर इसके समांतर सच यह भी है कि इंटरनेट की विस्तृत और एक अर्थ में कहें तो असीमित दुनिया में किसी खास विषय पर मौजूद जानकारी को पूरी तरह सही मान लेना अब एक जोखिम भरा काम हो गया है। शायद यही वजह है कि अब इंटरनेट पर खोजे गए किसी तथ्य की कई-कई स्रोतों से जांच और पुष्टि करने की जरूरत पड़ने लगी है। दरअसल, किसी खास मुद्दे पर जानकारी मुहैया कराने वाली कुछ वेबसाइटें अपनी सामग्री ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाती हैं, मगर उसके सही होने को लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं होता। इस संदर्भ में विकिपीडिया को देखा जा सकता है, जहां किसी संदर्भ में कई बार विस्तृत जानकारी रहती है, मगर उसे तैयार करने से लेकर संपादित करने का जो ढांचा बनाया गया है, उसमें कब कोई भ्रामक जानकारी दे दी जाए, कहा नहीं जा सकता। इंटरनेट की विस्तृत और जटिल दुनिया में किसी संदर्भ के सही या गलत होने की जांच करना और उसके तटस्थ होने को लेकर आश्वस्त होना बेहद मुश्किल काम हो जाता है। यह बेवजह नहीं है कि एक विवाद पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने विकिपीडिया के खिलाफ अवमानना का नोटिस जारी करते हुए कहा कि अगर भारत आपको पसंद नहीं है, तो यहां काम न करें। यह मामला एक समाचार एजंसी से जुड़ा है, जिसमें एजंसी ने विकिपीडिया पर उसके बारे में गलत जानकारी देने, कुछ पेज संपादित करने की इजाजत देने का आरोप लगाया गया है। यही नहीं, एजंसी को सरकार की ओर से झूठा प्रचार करने वाला औजार भी बताया गया। दुनिया भर में लाखों लोग रोजाना विकिपीडिया का इस्तेमाल करते हैं। इस वेबसाइट पर कोई भी व्यक्ति किसी जानकारी को अद्यतन या उसमें फेरबदल कर गलत जानकारी दर्ज कर सकता है। इस वजह से आए दिन विकिपीडिया के पेज पर मौजूद जानकारियों को लेकर विवाद उभरते रहते हैं। इसके बावजूद विकिपीडिया में इसे सुधारने को लेकर गंभीरता नहीं दिखती। जबकि सिर्फ एक भ्रामक या गलत जानकारी की वजह से किसी व्यक्ति या संस्था को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है, जिसकी भरपाई मुश्किल हो सकती है।

**अर्ज किया है..!**

*अपना ज़माना आप बनाते हैं*
*अहल-ए-दिल*
*हम वो नहीं कि जिन को*
*ज़माना बना गया*

*-जिगर मुरादाबादी*

**OSHO कहिन**

**जब दिल में प्यार और नफरत दोनों ही ना हो तो हर चीज साफ़ और स्पष्ट हो जाती है।**



**सैर-सपाटा**

# खूब फेमस है जयपुर का मोती डूंगरी गणेश मंदिर

गणेश चतुर्थी के दौरान सभी गणेश मंदिरों को खूबसूरती से सजा दिया जाता है। इन दिनों के दौरान लोग कोशिश करते हैं कि वह अलग-अलग मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन कर सकें। भारते के कई मंदिरों में से एक है जयपुर का मोती डूंगरी गणेश मंदिर। मोती डूंगरी गणेश मंदिर राजस्थान के जयपुर में एक छोटी पहाड़ी की चोटी पर है और एक खूबसूरत महल से घिरा हुआ है। पत्थर की नक्काशी से बना ये मंदिर, संगमरमर पर उत्कृष्ट जाली के काम के लिए भी जाना जाता है। संगमरमर के पत्थरों पर उकेरी गई कई पौराणिक छवियां कला प्रेमियों को पसंद आएंगी। गणेश चतुर्थी के समय मंदिर को खूबसूरती से सजाया जाता है। आइए, गणेशोत्सव के खास मौके पर जानें इस मंदिर से जुड़ी डिटेल्स-



## क्या है मंदिर का इतिहास

कई रिपोर्ट्स कहती हैं कि एक दिन मेवाड़ के राजा लंबी यात्रा के बाद अपने महल वापस जा रहे थे और उनके पास बैलगाड़ी में गणेश की मूर्ति थी। राजा एक मंदिर बनवाना चाहते थे और उन्होंने तय किया था कि जहां भी पहली बार गाड़ी रुकेगी वही मंदिर बनेगा। ऐसे में कहा जाता है कि राजा की गाड़ी मोती डूंगरी पहाड़ियों के नीचे रुकी और यही वह जगह है जहां आज गणेश मंदिर है। फिलहाल ये मंदिर जयपुर के फेमस पर्यटन स्थलों में शामिल हो चुका है।

### बुधवार को लगता है मेला

भगवान गणेश की प्रार्थना करने के लिए बुधवार को एक बहुत ही पवित्र दिन माना जाता है। ऐसे में अगर आप बुधवार को गणेश मंदिर जा रहे हैं तो आपको इस दिन एक खास मेला देखने को मिलेगा। इस दिन मंदिर में खूब रौनक होती है। कुछ लोग मंदिर में कीर्तन करते हैं।

### ◆ महल है निजी संपत्ति

मंदिर परिसर के चारों ओर बना महल स्कॉटिश महल जैसा दिखता है। हालांकि, इस महल में जाने की अनूमति नहीं है क्योंकि ये एक पर्सनल प्रॉपर्टी है।

Gujrat

# गणेशोत्सव के दौरान पथराव से सूरत में तनाव तोड़फोड़-बवाल करने वाले अराजक तत्व गिरफ्तार

**सूरत, (एजेंसी)** गुजरात के सूरत में गणेशोत्सव के दौरान पथराव की खबरें सामने आने के बाद रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात सूरत में विरोध-प्रदर्शन हुए। पुलिस ने बताया कि छह असमाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदेश के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने कहा है कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। ऐसी घटनाओं के दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने सूरत की वारदात के संबंध में सोमवार को कहा, शहर के सैयदपुरा इलाके में छह लोगों ने गणेश पंडाल पर पथराव किया। इन सभी की पहचान के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सांघवी



के मुताबिक सूरत पुलिस ने ऐसी घटना को बढ़ावा देने में शामिल 27 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। घटना की जांच जारी है। सूरत के सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस तैनात है। जो लोग राज्य में शांति भंग करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने बताया कि गणेश पंडाल पर पथराव के बाद सूरत के सैयदपुरा इलाके में झड़प हुई। सूरत के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत के मुताबिक कुछ बच्चों ने गणेश पंडाल पर पत्थर फेंके, जिसके बाद झड़प हो गई। मौके पर मुस्तैद पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप किया और उन बच्चों को वहां से हटा दिया। एतहियात बरतते हुए अतिरिक्त पुलिस बल इलाके में तैनात की गई।

आक्रोशित लोगों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए जरूरत के मुताबिक लाठीचार्ज का सहारा भी

Uttarpradesh

## लखनऊ में मोमोज खाने निकली नाबालिग से हैवानियत, गैंगरेप के बाद पत्थर से कुचला

**लखनऊ, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से हैरान करने वाली खबर आई है. जहां के बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र में घर से मोमोज खाने निकली नाबालिग लड़की के साथ दो लोगों ने गैंगरेप किया. इसके बाद सबूत मिटाने की कोशिश में पत्थर से कुचलने के बाद नाबालिग को मरा हुआ समझकर फरार हो गए.**

घटना के बाद किसी तरह पीड़िता अपनी जान बचाकर गंभीर हालत में घर पहुंची. परिजनों ने पीड़िता को देखा तो सन्न रह गए. इसके बाद उन्होंने तुरंत बच्ची को इलाज के लिए भर्ती कराया. शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है.

घटना के संबंध में डीसीपी नॉर्थ जोन अभिजीत आर शंकर ने जानकारी दी. उन्होंने कहा कि बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से गैंगरेप का मामला सामने आया है. पीड़िता घर से मोमोज लेने निकली थी, इसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया. लड़की और परिजनों शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया है. जबकि एक अन्य की तलाश की जा रही है. जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

इससे पहले लखनऊ के गोमती नगर में छेड़खानी का मामला सामने आया था. इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था. इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था. जिसमें एक लड़का अपने महिला दोस्त के साथ स्कूटी से जा रहा था. इसी दौरान कई लड़कों ने स्कूटी को रोक लिया और लड़की को गिराकर छेड़खानी करने लगे.

Jammu

## दहशतगर्दों के घुसपैठ के मंसूबे नाकाम, सेना ने ढेर किए दो आतंकी; भारी मात्रा में हथियार बरामद



**जम्मू, (एजेंसी)** भारतीय सेना को खुफिया एजेंसियों और जम्मू कश्मीर पुलिस से संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में इनपुट मिले। इसके बाद सेना ने आठ सितंबर की मध्यरात्रि को लाम और नौशेरा के सामान्य क्षेत्र में एक घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया। इस दौरान सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। साथ ही बड़ी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई है। व्हाइट नाइट कोर के मुताबिक, ऑपरेशन अभी जारी है।

Bihar

## भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या, सोने की चेन छीनना चाहते थे हमलावर

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना में सोमवार की सुबह एक दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां बेखौफ अपराधियों ने भारतीय जनता पार्टी (BJP) के पूर्व मंडल अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी है। केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी पूर्व मंडल अध्यक्ष के साथ लूटपाट करना चाहते थे, लेकिन विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें गोली मार दी। बताया जा रहा है कि वारदात में जान गंवाने वाले पूर्व मंडल अध्यक्ष का नाम मुन्ना शर्मा है। वह पेशे से पुजारी भी थे। वारदात पटना सिटी के चौक थाना इलाके में हुई। हमलावर बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुन्ना शर्मा के गले से सोने की चेन छीनना चाह रहे थे, लेकिन मुन्ना शर्मा ने उनका विरोध किया। जिसके बाद आरोपियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगने के बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में



लेकर पोस्टमाटम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों के मुताबिक एक दिन पहले ही रविवार को उनके बेटा का छेका (सगाई) हुआ था। सोमवार की सुबह वह परिवार वालों को टेम्पो में बैठाने के लिए रोड पर आये थे। उनके गले में सोने की चेन थी। अपराधी घात लगाए हुए थे और उन्हें शिकार के लिए बुजर्ग मुन्ना शर्मा नजर आ गए।

खेल

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन भारत का दबदबा, चीन को पहले मैच में 3-0 से हराया

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबान चीन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। भारत के लिए सुखजीत सिंह (14वें मिनट), उत्तम सिंह (27वें मिनट) और अभिषेक (32वें मिनट) ने गोल किए जबकि चीन एक भी गोल नहीं कर सका।**

### मजबूत प्रदर्शन से हासिल की जीत

ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक हासिल करने के बाद टूर्नामेंट में खेलने उतरी भारतीय टीम ने शुरुआत में मिले मौकों को भुनाया और डिफेंस में भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। सुखजीत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में भारत को बढ़त दिलाई जबकि दूसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक तीन मिनट पहले उत्तम सिंह ने बढ़त दोगुनी कर दी जिससे भारत पहले हाफ तक 2-0 से आगे हो गया।




### जापान से होगी भिड़ंत

खेल फिर से शुरू होने के ठीक दो मिनट बाद अभिषेक ने शानदार रिवर्स हिट से गोल किया। भारत पूल एक में अपने दूसरे मैच में सोमवार को जापान से भिड़ेगा। पिछले साल भारत ने घरेलू मैदान पर यह टूर्नामेंट जीता था जिससे वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई थी। अन्य मैचों में मलयेशिया ने पाकिस्तान को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि जापान और कोरिया ने 5-5 से ड्रॉ खेला।

सिनेमा

## 48 साल के मशहूर एक्टर की नींद में हुई मौत, पैसों की तंगी से परेशान थे विकास सेठी




'कसौटी जिंदगी की' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' फेम एक्टर विकास सेठी को लेकर बुरी खबर सामने आई है. 48 साल की उम्र में एक्टर ने दुनिया को अलविदा कह दिया है. उनका निधन नींद में हुआ. वो पैसों की तंगी से परेशान थे. रविवार का दिन टेलीविजन फैन्स के लिए काफी दुखद रहा. मशहूर एक्टर विकास सेठी के निधन को लेकर आई खबर ने सभी को शॉक्ड कर दिया है. विकास सो रहे थे. सुबह जब नहीं उठे, तो उनकी वाइफ उन्हें आनन-फानन में अस्पताल लेकर भागीं, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. सूत्रों के मुताबिक, विकास पिछले कुछ समय से आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे. उन्हें काफी समय से कोई काम नहीं मिल रहा था. वो इंडस्ट्री के कई दोस्तों के संपर्क में भी नहीं थे. टेलीविजन शो के अलावा विकास ने करण जौहर की फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में रॉबी का किरदार भी निभाया था. उन्हें फिल्म में काफी पसंद भी किया गया था. विकास सेठी 90 के दशक के मशहूर एक्टर्स में से एक रहे हैं. उन्होंने कहीं तो होगा, ससुराल सिमर का, गुस्ताख दिल और उतरन जैसे कई पॉपुलर शोज में काम किया था. वो जब भी किसी शो में नजर आए. अपने किलर लुक्स और दमदार एक्टिंग से दिल जीत लिया.

## Highlights

1. **Bansi Lal's grandkids Anirudh, Shruti to fight each other in polls**
2. **Kalindi Express hits LPG cylinder placed on tracks in UP; derailing bid suspected**
3. **I shudder when I think about her pain: Mother of Kolkata rape-murder victim**
4. **Devata does not mean God, it's the idea that you destroy yourself: Rahul Gandhi**
5. **Rahul Gandhi is no Pappu, he is highly educated: Sam Pitroda**

# Elon Musk may become world's first trillionaire by 2027, followed by Gautam Adani in 2028: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Elon Musk is on the way to become the world's first trillionaire by 2027, according to an Informa Connect Academy report, which added that his wealth has been growing at an average annual rate of 110%.

Musk is currently the world's richest person, with a $237 billion net worth, according to the Bloomberg Billionaires Index.

Only a handful of companies in existence have by themselves, crossed $1 trillion in valuation. This includes Microsoft, Nvidia, Apple, Alphabet, Amazon, Saudi Aramco, and Meta. The most recent case is that of Warren Buffett's Berkshire Hathaway in late August.

Nvidia also joined the $1 trillion club in May 2023, and reached $3 trillion in June, becoming the second most valuable company in the world, with Microsoft



ahead and Apple behind.

Who are the other people on the list of potential future trillionaires?

Gautam Adani may become the second after Musk in achieving the trillionaire status, according to the report, which added that this could happen in 2028 if his annual wealth growth rate remained at 123%.

Adani is followed by Nvidia's Jensen Huang and Indonesian energy and mining mogul Prajogo Pangestu in the list of those who could become trillionaires by 2028 if their growth trajectories continue as they are.

Bernard Arnault of LVMH, the world's third-richest person with a $181 billion net worth may become a trillionaire by 2030, similar to Mark Zuckerberg of Meta.

The question of who would become the world's first trillionaire has always fascinated the public ever since John D Rockefeller of Standard Oil became the world's first billionaire in 1916.

# China's deflation risk grows as signs of economic weakness mount

**NEW DEIHI, (Agency).** China's core inflation cooled to the weakest in more than three years, adding to signs policymakers are struggling to get households spending and further putting the annual growth target under pressure.

The consumer price index increased 0.6% in August from a year earlier, less than a median forecast of



0.7% growth in a Bloomberg survey of economists. Excluding volatile food and energy costs, core CPI rose 0.3%, the least since March 2021, indicating lingering weakness in overall demand. "The deflationary pressure in China is getting more entrenched," Michelle Lam, Greater China economist at Societe Generale. "This may well fuel a downward price-wage spiral which will require more radical policy response." Factory-gate prices remained stuck in deflation, as they've been since late 2022, with the producer price index sliding 1.8% from a year earlier, more than economists' forecast of a 1.5% drop. The modest rise in consumer prices was driven by higher costs of food because of bad weather, Dong Lijuan, chief statistician at the National Bureau of Statistics, said in a statement accompanying the release. Fresh vegetables, in particular, saw prices rise by 18.1% due to heavy rainfall.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक